दिनांकः07.01.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना तीतरो, सहारनपुर पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अवगत कराना है दिनांक 24.12.2024 को वादी की लिखित तहरीर बावत संदीप पुत्र भिसम निवासी ग्राम ककराला थाना तीतरो जनपद सहारनपुर द्वारा वादी की पोती को बाहर अकेला देखकर अपने कमरे में जबरदस्ती खींच ले जाना व छेडखानी करने के सम्बन्ध में थाना तीतरों पर मु0अ0सं0 136/2024 धारा 74 बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट, बनाम मे पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे जनपद में अपराध नियत्रण एवं वाछित/वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी तीतरो के कुशल नेतृत्व मे थाना तीतरो पुलिस टीम द्वारा थाना तीतरो पर मुकदमा उपरोक्त मे वांछित चल रहे **अभियुक्त संदीप पुत्र भिसम निवासी ग्राम ककराला थाना तीतरो जनपद सहारनपुर** को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 07.01.2025 को सालियर तिराहा कस्बा तीतरो से  गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

संदीप पुत्र भिसम निवासी ग्राम ककराला थाना तीतरो जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. म0उ0नि0 कंचन थाना तीतरो जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री अय्यूब अली थाना तीतरो जनपद सहारनपुर।
3. का02538 चन्द्रशेखर थाना तीतरो जिला सहारनपुर।

दिनांकः- 07.01.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार,कब्जे से 08 बोतल अवैध देशी शराब (हरियाणा मार्का) बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्वेक्षण मे तथा थाना प्रभारी श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 06.01.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग/गश्त के दौरान 01 नशा तस्कर **अभियुक्त पंकज पुत्र राजपाल सैनी निवासी ग्राम अगवानहेडा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर** को रेलवे अन्डर पास के नीचे ग्राम सुआखेडी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 08 बोतल देशी शराब हरियाणा मार्का बरामद । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना सरसावा पर मु0अ0स0 006/2025 धारा 63 आबकारी अधिनियम के पंजीकृत किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मैं नशा करने का आदी हूँ और हरियाणा राज्य की पुलिस से चोरी-छिपे सस्ते दामों पर शराब खरीद कर ले आता हूँ और नशा करने वाले मजदूरो व अन्य लोगो को थोडे अधिक दामों मे बेच देता हूँ। जिससे मुझे अच्छी कमाई हो जाती है और मेरे नशे की जरूरते भी पूरी हो जाती है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

पंकज पुत्र राजपाल सैनी निवासी ग्राम अगवानहेडा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

### बरामदगी का विवरण

08 बोतल देशी शराब शराब हरियाणा मार्का

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 श्री रामबीर सिंह थाना सरसावा सहारनपुर
2. का0 1997 विनीत कुमार थाना सरसावा सहारनपुर

दिनांकः07.01.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बडगाँव, सहारनपुर पुलिस द्वारा नाबालिग से मारपीट व छेडछाड के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 30.11.2024 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त अंकित पुत्र किरणपाल निवासी नामालूम द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री का पीछा करने तथा दिनांक 29.11.24 को घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ मारपीट कर छेडछाड करने व जान से मारने की धमकी देने की सूचना के सम्बन्ध में थाना बडगांव पर मु0अ0सं0 255/24 धारा 333/75(2)/76/115(2)/352/351(3) बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट के पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष बडगाँव श्री विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 07.01.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना बडगांव पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग से मारपीट व छेड़छाड़ के मामलें में वांछित **अभियुक्त अंकित पुत्र किरणपाल निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना बडगांव जिला सहारनपुर** को रामपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम पता**

अंकित पुत्र किरणपाल निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना बडगांव जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम-**

1- थानाध्यक्ष श्री विनय शर्मा थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।

1- उ0नि0 श्री रणपाल सिंह थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।

2- हो0गा0 2009 नरेश कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।

दिनांकः-07.01.2025

-प्रेस नोट-

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश**

**थाना सरसावा, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 06.01.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी **अभियुक्त सरवर पुत्र ताहिर निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना सरसावा जिला सहारनपुर** को सम्बन्धित वाद संख्या 5936/24 व मु0अ0स0 70/20 धारा 60 आबकारी अधिनियम, वाद संख्या 2409/24 व मु0अ0स0 66/2016 धारा 379/411 भादवि, वाद संख्या 5386/2024 व मु0अ0स0 262/2023 धारा 63 आबकारी अधिनियम व वाद संख्या 6194/24 व मु0अ0स0 383/2021 धारा 63 आबकारी अधिनियम चालानी थाना सरसावा में ग्राम हुसैनपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

सरवर पुत्र ताहिर निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना सरसावा जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1. उ0नि0 श्री विनय कुमार थाना सरसावा सहारनपुर
2. है0का0 661 सम्राट थाना सरसावा सहारनपुर

दिनांकः 07.1.2025

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना देवबंद पुलिस द्वारा नाबालिग का अपहरण/दुष्कर्म के मुकदमें में वाछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 30/12/2024 को वादिया ने थाने उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त नबी हसन पुत्र शकील व दानिश पुत्र इमरान नि0गण ग्राम हाशिमपुरा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर द्वारा वादिया की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने के सम्बन्ध में सूचना पर थाना देवबन्द पर मु0अ0सं0-713/24 धारा 137 बीएनएस पंजीकृत किया गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश- निर्देश दिये गये, आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व मे थाना देवबन्द पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग की पीड़िता को सकुशल बरामद कर मुखबिर की सूचना पर थाना देवबन्द पुलिस टीम द्वारा **अभियुक्त नबी हसन पुत्र शकील व दानिश पुत्र इमरान नि0गण ग्राम हाशिमपुरा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर** को मण्डी समिति के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 64(1) व ¾ पोक्सो अधिनियम की वृद्धि की गयी । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

नबी हसन पुत्र शकील व दानिश पुत्र इमरान नि0गण ग्राम हाशिमपुरा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री रविन्द्र कसाना थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।
2. म0उ0नि0 मिथलेश राठौर थाना देवबंद जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 1124 राहुल थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।
4. का0 1980 योगेश थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 07.01.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 शातिर वाहन चोर को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 05.10.2024 को वादी श्री दिनेश कुमार काम्बोज S/O बालेश्वर काम्बोज निवासी न्यू भगवती कालोनी निकट पारस पुरम थाना देहात कोतवाली ने थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत दिनांक 30.09.2024 को अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटर साईकिल UP-11-AF-5612 चन्द्रलोक कालोनी से चोरी किये जाने के सम्बन्ध मे थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 423/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर द्वारा अपराध नियंत्रण व चोरी की घटनाओ की रोकथाम तथा चोर/नकबजन अपराधियों की गिरफ्तारी व चोरी किये सामान की बरामदगी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रसैन सैनी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 07.01.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा **अभियुक्त अमन पुत्र सलीम निवासी दानिश कालोनी थाना कोतवाली देहात सहारनपुर** को बेहट रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जें से चोरी की गयी मोटर साईकिल नं0 UP-11-AF-5612 की आरसी व नम्बर प्लेट बरामद की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उक्त मोटर साईकिल दिनांक 30.09.2024 को चन्द्रलोक कालोनी थाना क्षेत्र कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर से चोरी की गयी थी, जिसको मैने एक राह चलते व्यक्ति को बेच दिया था, जिसकी बिक्री से मुझ 8000 रुपये मिले थे, उन रुपयों मे से 1560 रुपये बचें है। उक्त मोटर साईकिल की आरसी व नम्बर प्लेट मेरे पास है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

अमन पुत्र सलीम निवासी दानिश कालोनी थाना कोतवाली देहात सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण -**

- 01 आर0सी0 मो0साईकिल न0 UP-11-AF-5612 की छाया प्रति
- 1560/- रूपये नकद
- 01 नम्बर प्लेट मो0सा0 UP-11-AF-5612

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्र सैन सैनी थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री अनिल कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
3. का0 1932 बिजेन्द्र कुमार, थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
4. का0 77 अरुण कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 07.01.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तरप्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग व गश्त की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार थाना कोतवाली मण्डी के कुशल नेतृत्व मे मे थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा गश्त चैकिंग के दौरान आज दिनांक 07.01.2025 को एक शातिर अभियुक्त **दानिश पुत्र प्रवेश निवासी एकता कालोनी थाना कुतुबशेर सहारनपुर** को पुराना कलसिया रोड से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली मण्डी पर मु0अ0सं0 017/2025 धारा 4/25 आयुध एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मै चाकू लोगो को डराने व धमकाने के लिये रखता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

दानिश पुत्र प्रवेश निवासी एकता कालोनी थाना कुतुबशेर सहारनपुर ।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 अवैध चाकू

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टीः-**

1. उ0नि0 नरेंद्र सोलंकी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर ।
2. हे0का0 310 विपिन पँवार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर ।
3. का0 2190 मंगल सिंह थाना मण्डी जनपद सहारनपुर ।

-प्रेस नोट-

दिनांक 07.01.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा मंदिर के दानपात्र से पैसे चोरी करने वाले 01 शातिर चोर को किया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 07.01.2025 को वादी श्री अमित त्यागी श्री सुरेश त्यागी पार्षद वार्ड स0 - 50 हकीकत नगर थाना सदर बाजार मौ0न0 - 9897123233 की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा सावित्री बाई जी की कुटिया के सामने वाले मन्दिर का दानपात्र तोड़कर पैसे चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 009/25 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेकर अभियुक्तो की तत्काल गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिए गये। आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 07.01.2024 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त **मंजीत उर्फ कैचुआ पुत्र राकेश निवासी ग्राम पिन्जौरा पुलिया के पास फ्रैन्ड्स कालौनी गली नं0-3 थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर** को चैकिंग/गश्त के दौरान चांदमारी मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 262/- रुपये बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मेरे द्वारा दो दिन पहले रात मे समय करीब 4/5.00 बजे के बीच मे तीन मन्दिरो के दानपात्र से चोरी की गयी थी जिसमे सबसे पहले मेरे द्वारा शास्त्रीनगर मन्दिर मे घुसकर दानपात्र देखा गया तो उसमे पैसे नही थे। तब मै वहां से चलकर हकीकतनगर वाले मन्दिर मे गया तथा दानपात्र मे से मुझे करीब 100..150 रूपये मिले उसके बाद मै वाल्मिकी मन्दिर मे गया तथा दानपात्र मे मुझे करीब 600..700 रूपये के आस पास मिले थे। जिसमे से मैने 500...600 रूपये की स्मैक खरीद कर पी ली थी। बाकी जो चोरी के पैसे बचे थे वो आपने मुझसे बरामद कर लिये है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

मंजीत उर्फ कैचुआ पुत्र राकेश निवासी ग्राम पिन्जौरा पुलिया के पास फ्रैन्ड्स कालौनी गली नं03 थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 262/- रुपये नकद

**अभियुक्त मंजीत उर्फ केचुआ का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 270/2023 धारा 380/411 भादवि थाना सदर बाजार सहारनपुर
2. मु0अ0स0 214/24 धारा 380/411/457 भादवि थाना सदर बाजार सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री जहांगीर सिंह थाना सदर बाजार स0पुर
2. है0का0-518 हरेन्द्र थाना सदर बाजार स0पुर
3. का0 266 धीरज थाना सदर बाजार स0पुर
4. का0 186 विमल थाना सदर बाजार स0पुर

दिनांकः 07.01.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नानौता पुलिस द्वारा 01 शातिर हिस्ट्रीशीटर/नशा तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जें से 77 ग्राम स्मैक (अनुमानित कीमत करीब 1,55,000/-रुपये), 01 इलैक्ट्रानिक काँटा व 01 मोबाइल फोन बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशा कारोबार में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 07.01.2025 मुखबिर की सूचना पर थाना नानौता पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त **इकबाल पुत्र शकूर निवासी मौ0 शेखजादगान कस्बा व थाना नानौता जिला सहारनपुर** को पीठ रोड कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 77 ग्राम स्मैक व 01 इलैक्ट्रानिक काटा व 01 मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना नानौता पर मु0अ0स0 03/25 धारा 8/21 NDPS एक्ट पंजीकृत किया गया। **गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है तथा थाना नानौता का हिस्ट्रीशीटर भी है जिसके विरूद्ध थाना नानौता पर डेढ़ दर्जन से भी अधिक मुकदमें पंजीकृत है।** विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मै कम पढ़ा लिखा हूँ तथा नशे करने का आदी हूँ, मै यह स्मैक बाहर से सस्ते दामों पर खरीदकर लाता हूँ तथा यहा लाकर राह चलते लोगों को महंगे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाता हूँ स्मैक बेचकर जो पैसे मिलते है उससे अपने नशे के शौक को पूरा करता हूँ, आज भी स्मैक बेचने के लिये ग्राहक के इन्तजार में खडा था, कि मुझे पकड लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

इकबाल पुत्र शकूर निवासी मौ0 शेखजादगान कस्बा व थाना नानौता जिला सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 77 ग्राम स्मैक नाजायज
- 01 इलैक्ट्रानिक काँटा
- 01 अदद मोबाइल फोन

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 63/06 धारा 457/380 भादवि थाना नानौता स0पुर
2. मु0अ0स0 240/07 धारा 457/380 भादवि थाना नानौता स0पुर
3. मु0अ0स0 145/08 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना नानौता स0पुर
4. मु0अ0स0 163/08 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना नानौता स0पुर

5. मु0अ0स0 111/08 धारा 392/411 भादवि थाना नानौता स0पुर
6. मु0अ0स0 308/08 धारा 110 जी सीआरपीसी थाना नानौता स0पुर
7. मु0अ0स0 19/09 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट थाना नानौता स0पुर
8. मु0अ0स0 16/09 धारा 411/380 भादवि थाना नानौता स0पुर
9. मु0अ0स0 217/19 धारा 411/392 भादवि थाना नानौता स0पुर
10. मु0अ0स0 218/19 धारा 307 भादवि थाना नानौता स0पुर
11. मु0अ0स0 219/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नानौता स0पुर
12. मु0अ0स0 25/10 धारा 3 युपी गुण्डा अधि0 थाना नानौता स0पुर
13. मु0अ0स0 13/22 धारा 3 युपी गुण्डा अधि0 थाना नानौता स0पुर
14. मु0अ0स0 15/22 धारा 380 भादवि थाना नानौता स0पुर
15. मु0अ0स0 16/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नानौता स0पुर
16. मु0अ0स0 109/12 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना नानौता स0पुर
17. मु0अ0स0 26/20 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना नानौता स0पुर
18. मु0अ0स0 296/20 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना नानौता स0पुर
19. मु0अ0स0 03/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना नानौता स0पुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. थानाध्यक्ष श्री सचिन पूनिया थाना नानौता जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री धीरज सिह थाना नानौता जनपद सहारनपुर
3. है0का0 597 मोहसीन थाना नानौता जनपद सहारनपुर
4. का0 2032 सचिन थाना नानौता जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांक - 07.01.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा 02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की लोहे की एंगल व पाईप बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 07.01.2025 को वादी विनित गोयल पुत्र मुकेश गोयल निवासी माधव विहार तोता चौक के पास थाना मंडी सहारनपुर ने थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत वादी की बंद पड़ी फैक्ट्री महलपुरम पराग डेरी से अभियुक्तगण 1- शक्ति पुत्र सूरजपाल 2- अंकित पुत्र महेन्द्र निवासीगण पुष्पांजली विहार शिव मन्दिर के पास थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर द्वारा लोहे की एंगल व पाईप को चोरी कर लेने तथा वादी द्वारा अपने अन्य साथियो की सहायता से दोनो अभियुक्तो को मय माल के मौके पर ही पकड लेने के सम्बन्ध में थाना जनकपुरी पर मु0अ0सं0 02/25 धारा 305(ए)/331(3)/317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कराया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि हम कम पढ़े लिखे है अपने शौक पूरे करने के लिए बन्द पडी जगहो से चोरी करते है तथा उस सामान को बेचकर उस पैसे से अपने शौक पूरा करते है। अभियुक्तो के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-**

1- शक्ति पुत्र सूरजपाल नि0 पुष्पांजली विहार शिव मन्दिर के पास थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर

2- अंकित पुत्र महेन्द्र निवासी पुष्पांजली विहार शिव मन्दिर के पास थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर

**अभियुक्त शक्ति का आपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0सं0 615/24 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना सदर बाजार, सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- लोहे की एंगल व पाईप

दिनांकः 07.01.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना रामपुर मनिहारन पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 07.01.2025 को थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा फरार चल रहे **01 वारण्टी अभियुक्त ओमवीर पुत्र कंवरपाल निवासी ग्राम खटकाहेड़ी थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर** सम्बन्धित वाद संख्या 1384/24 धारा 136/137 विद्युत अधिनियम व मु0अ0सं0 0323/2021 धारा 136/137 विद्युत अधिनियम थाना नानौता जिला सहारनपुर , माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 4 सहारनपुर नियत तिथि 20.01.2025 को ग्राम खटकाहेड़ी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तारी वारंटी अभियुक्त का नाम व पताः-**

ओमवीर पुत्र कंवरपाल निवासी ग्राम खटकाहेड़ी थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री ओमवीर सिंह थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर
3. का0 1799 रोहित राणा थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 07.01.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने वाले 05 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि आज दिनांक 07.01.2025 को थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 05 अभियुक्तगण **1.तनवीर पुत्र शफीक निवासी पठेड थाना चिलकाना सहारनपुर (टैम्पो चालक) 2.शहजाद पुत्र इनाम निवासी पठेढ (टैम्पो चालक) 3.बुरहान पुत्र जफ्फर निवासी पठेढ थाना चिलकाना सहारनपुर (टैम्पो चालक) 4.ब्रजपाल पुत्र कर्ण सिंह निवासी गंगोह दूबर किशनपुर थाना तीतरो जनपद सहारनपुर ( चिलकाना बसो का मुंशी) 5.कुलदीप पुत्र मामन निवासी चिलकाना जनपद चिलकाना जनपद सहारनपुर (चिलकाना बसो का मुंशी)** को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे चालान किया गया है।

आज दिनांक 07.01.2024 को 62 फुटा रोड निकट चिलकाना बस अड्डा पर दो पक्षो के मध्य टैम्पो व बस में सवारियो को बैठाने के ऊपर आपस मे कहा सुनी व खिचातानी हो रही थी तथा दोनो पक्ष एक दूसरे के ऊपर आमदा फसाद हो रहे थे चिलकाना बस अड्डे पर मौजूद व्यक्ति तथा मौके पर मौजुद पुलिस वालो के द्वारा दोनो पक्षो को काफी समझाया गया परन्तु नही माने दोनो पक्ष और अधिक उत्तेजित होकर एक दूसरे के ऊपर आमदा फसाद होने लगे। अतः शान्ति व्यवस्था भंग होने तथा कोई संज्ञेय अपराध कारित होने की पूर्ण आशंका को देखते हुए दोनो पक्षो को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर दोनो पक्षो को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पताः-

1. तनवीर पुत्र शफीक निवासी पठेड थाना चिलकाना सहारनपुर (टैम्पो चालक)
2. शहजाद पुत्र इनाम निवासी पठेढ (टैम्पो चालक)
3. बुरहान पुत्र जफ्फर निवासी पठेढ थाना चिलकाना सहारनपुर (टैम्पो चालक)
4. ब्रजपाल पुत्र कर्ण सिंह निवासी गंगोह दूबर किशनपुर थाना तीतरो जनपद सहारनपुर ( चिलकाना बसो का मुंशी)
5. कुलदीप पुत्र मामन निवासी चिलकाना जनपद चिलकाना जनपद सहारनपुर (चिलकाना बसो का मुंशी)

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्र सैन सैनी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री सुनील कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 241 कपिल कुमार, थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 334 संजीव कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर
5. का0 1253 अनिरुध्द थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः- 07.01.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी पुलिस द्वारा 01 शातिर वाहन चोर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 06.01.2025 को वादी शौकीन पुत्र नसीम निवासी अजीम कालोनी पुराना कलसिया रोड़ थाना मंडी सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटर साइकिल सीडी डिलक्स रजि न0-UP11-BV-5355 को घर के बाहर से चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना मण्डी पर मु0अ0सं013/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी एवं चोरी गए वाहन की बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिए, जिनके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 07.01.2025 को थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त **अमजद पुत्र साजिद निवासी हसन कालोनी खाताखेडी थाना मण्डी सहारनपुर** को वाहन चैकिंग के दौरान जुल्मगढ की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित **01 चोरी की एच एफ डीलैक्स मोटरसाइकिल** बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

अमजद पुत्र साजिद निवासी हसन कालोनी खाताखेडी थाना मण्डी सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः–**

- 01 मोटरसाईकिल एच एफ डीलैक्स

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री जगपाल सिंह थाना मण्डी सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री नरेन्द्र सोलंकी थाना मण्डी सहारनपुर
3. है0का0 310 विपिन पंवार थाना मण्डी सहारनपुर
4. का0 1612 अंकित कुमार थाना मण्डी सहारनपुर